प्रेषक,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
वाराणसी।

सेवा में,

प्रबन्धक,
आर0बी0सी0चिल्ड्रने एकेडमी
खारूपुर, नरायनपुर, चौबेपुर–वाराणसी।

पत्रांकः बेसिक / 10111–13 /2017–18/दिनांकः 26-09-2017

महोदय/महोदया,

शासनादेश संख्या:419/79–6–2013–18(20)/91,दिनांक:08 मई, 2013 में दिये गये निर्देश के कम में मान्यता समिति के अनुमोदनोपरान्त इस कार्यालय के पत्रांकः बेसिक/4818–20/2013–14/ दिनांक:29–6–2013 के द्वारा आर0बी0सी0चिल्ड्रेन एकेडमी खारूपुर, नरायनपुर चौबेपुर–वाराणसी को तारीख 01–7–2013 से तारीख 30–6–2016 तक तीन वर्ष की अवधि तक के लिये कक्षा नर्सरी से कक्षा –08 तक के लिये अनन्तिम अंग्रेजी माध्यम की मान्यता प्रदान की गई थी। इस सन्दर्भ में आपने विद्यालय का पत्रजात संलग्न करते हुये विद्यालय की मान्यता को नवीनीकृत किये जाने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की गई। पत्रावली के परीक्षणोपरान्त एवं तारीख 01–7–2013 से तारीख 30–6–2016 के बीच मान्यता की शर्तो के उल्लंघन से सम्बन्धित कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित नही हुआ। उक्त विद्यालय दिनांकः 31–10–2012 से 30–10–2042 तक की अवधि के लिये रजिस्टर्ड किरायेदारी के आधार पर संचालित किया जा रहा है।

अतः विद्यालय द्वारा मान्यता की शर्तो के उल्लघंन से सम्बन्धित कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित न होने के फलस्वरूप आर0बी0सी0चिल्ड्रेन एकेडमी खारूपुर, नरायनपुर चौबेपुर–वाराणसी वाराणसी को इस कार्यालय पत्रांकः बेसिक/4818–20/2013–14/दिनांकः 29–6–2013 के द्वारा दी गई मान्यता को इस प्रतिबन्ध के साथ रजिस्टर्ड किरायेदारी की समाप्ति तक स्थायी किया जाता है कि शासनादेश संख्याः 419/79–6–2013–18 (20)/91, दिनांकः 08 मई, 2013 में उल्लिखित शर्ते यथावत लागू रहेंगे तथा विद्यालय द्वारा मान्यता हेतु निर्धारित एक या एक से अधिक शर्तो के उल्लंघन करने अथवा अनुसूची में निर्धारित मानकों एवं स्तर को पूर्ण करने में चूक की गई हो तो शासनादेश संख्याः 419/79–6 –2013 –18 (20)/91, दिनांकः 08 मई, 2013 के नियम–13 के उप नियम (क) (ख) (ग) (घ) के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। उक्त के अतिरिक्त प्रबन्धक द्वारा कोई तथ्य छिपाने अथवा कोई अभिलेख त्रुटिपूर्ण, फर्जी एव असत्य पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से यह आदेश स्वतः निरस्त समझी जायेगी, जिसका सम्पूर्ण विधिक उत्तरदायित्व विद्यालय प्रबन्धतंत्र का होगा।

भवदीय

26/09/2017

(बृजभूषण चौधरी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
वाराणसी।

पृ0सं0/बेसिक/ /2017–1/उसी तिथि को।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) पंचम मण्डल वाराणसी।
2– सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी ग्रामीण/नगर क्षेत्र–वाराणसी।

(बृजभूषण चौधरी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
वाराणसी

Principal
R.B.C. Children Academy
Kharupur, Narayanpur
Chaubepur, Varanasi

प्राचार्य/Principal
केन्द्रीय विद्यालय, देवरिया
Kendriya Vidyalaya Deoria
Pin-274001

18/10/19

PRINCIPAL
KACHHAWA CHRISTIAN SCHOOL
(A Programme of ACTS Ministries)
Kachhawa, Mirzapur-231501

Manager
R.B.C. Children Academy
Kharupur, Narayanpur
Chaubepur, Varanasi